


**स्मार्ट** • अक्टूबर निवेश में संतुलन बनाने का महीना रहा, जोखिम नाप-तौल कर ले रहे निवेशक

# रिस्क मैनेजमेंट: लार्ज एंड मिडकैप स्कीम में निवेश 98.6% बढ़ा, स्मॉलकैप में 29% घटा

भास्कर न्यूज | मुंबई

म्यूचुअल फंड में पैसा लगाने वाले निवेशकों ने अक्टूबर में जोखिम से थोड़ी दूरी बना ली। स्मॉलकैप और मिडकैप फंड में निवेश घटा, जबकि लार्ज एंड मिडकैप फंड में सितंबर के मुकाबले लगभग दोगुना पैसा आया।

म्यूचुअल फंड के संगठन एम्फी के आंकड़ों के मुताबिक, अक्टूबर में लार्ज एंड मिडकैप फंड ₹8,484 करोड़ के नए निवेश के साथ इक्विटी की सभी श्रेणियों में अव्वल रहे। स्मॉलकैप, मिडकैप और फ्लेक्सी कैप फंड में पैसा तो आया, पर सितंबर के मुकाबले कम। इनक्रेड मनी में म्यूचुअल फंड बिजनेस के सीईओ नितिन अग्रवाल ने अक्टूबर को 'रीकैलिब्रेशन' यानी निवेश में संतुलन बनाने का महीना बताया।

कुल इक्विटी फंड में निवेश सितंबर के ₹38,307 करोड़ से 14% घटकर ₹32,994 करोड़ रह गया। यानी निवेशक पैसा निकाल नहीं रहे, पर ज्यादा उतार-चढ़ाव वाले फंडस में हाथ थोड़ा रोक रहे हैं। यह निवेशकों के सतर्क रुख का संकेत है।

## बड़ा निवेश: म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री में एक महीने में 1.74 लाख करोड़ आए

**ट्रेंड: लार्ज एंड मिडकैप में निवेश दोगुना; स्मॉल-मिडकैप, फ्लेक्सी कैप में घटा**

| फंड श्रेणी | सितंबर | अक्टूबर | बढ़ा/घटा |
|---|---|---|---|
| लार्ज एंड मिडकैप | 4,271 | 8,484 | ▲98.6% |
| लार्जकैप | 859 | 1,032 | ▲20.1% |
| फ्लेक्सी कैप | 6,702 | 4,980 | ▼25.7% |
| स्मॉलकैप | 9,039 | 6,408 | ▼29.1% |
| मिडकैप | 7,835 | 4,893 | ▼37.5% |

आंकड़े करोड़ रुपए में, स्रोत: एम्फी

- सितंबर में इक्विटी फंड में आए हर 100 रुपए में से 11 रुपए लार्ज एंड मिडकैप फंड में गए थे। अक्टूबर में यह दोगुने से बढ़कर 26 रुपए हो गया।
- बीते महीने नए निवेश में स्मॉलकैप और मिडकैप फंड्स की हिस्सेदारी हर 100 रुपए में 44 रुपए से घटकर 34 रुपए रह गई।

**डेट फंड: ₹1.13 लाख करोड़ का निवेश, सितंबर में 1.83 लाख करोड़ निकले थे**

अक्टूबर डेट फंड में जोरदार वापसी हुई। इनमें 1.13 लाख करोड़ रुपए आए, जबकि सितंबर में 1.83 लाख करोड़ निकले थे। इस वजह से पूरे म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री में 1.74 लाख करोड़ का निवेश आया। पिछले महीने निकासी हुई थी।

| फंड श्रेणी | अक्टूबर | सितंबर |
|---|---|---|
| इक्विटी | ▲32,993 | ▲38,306 |
| डेट | ▲1,13,438 | ▼1,83,156 |
| हाइब्रिड | ▲3,514 | ▼457 |
| इंडेक्स फंड्स | ▲3,090 | ▼3,614 |
| ईटीएफ | ▲20,304 | ▲15,501.40 |
| गोल्ड ईटीएफ | ▲3,474 | ▲4,450.6 |
| ओवरसीज फंड्स | ▼370.11 | ▼159.18 |
| कुल फंड निवेश | ▼1,74,218.73 | ▼1,33,214.25 |

आंकड़े करोड़ रुपए में, स्रोत: एम्फी

**सतर्कता: म्यूचुअल फंड की तीन लोकप्रिय श्रेणियों में 31 फीसदी कम निवेश**

बुधवार को जारी एम्फी के आंकड़ों के मुताबिक, स्मॉलकैप, मिडकैप और फ्लेक्सी कैप मिलाकर सितंबर में कुल 23,575 करोड़ रुपए आए थे। लेकिन अक्टूबर में 16,280 करोड़ ही आए। यानी इन कैटेगरी के फंड्स में करीब 31 फीसदी कम निवेश हुआ। इसके उलट लार्जकैप और लार्ज एंड मिडकैप मिलाकर नया निवेश 5,131 करोड़ से बढ़कर 9,517 करोड़ रुपए तक पहुंच गया।

**दुविधा** • बोर्ड में जासूसी की जांच से संकट गहराया

# एनवीडिया में जेनसेन हुआंग की जगह कौन...अभी 8 नाम चर्चा में

**न्यूयॉर्क** | अमेरिकी चिप कंपनी एनवीडिया के सीईओ जेनसेन हुआंग के खिलाफ 8 नवंबर से जांच जारी है। आरोप चीन की एलिस हुआंग से संबंधों को लेकर है। हुआंग का नेतृत्व मजबूत है, लेकिन हो सकता है कि उन्हें कमान किसी और को सौंपना पड़े। 8 वरिष्ठ अधिकारियों के नाम आगे चल रहे हैं...

## भास्कर नॉलेज

### कुल निवेश बढ़ा तो इक्विटी फंड का एयूएम क्यों घटा?

इक्विटी फंड का एयूएम ₹37.54 लाख करोड़ से घटकर ₹37.15 लाख करोड़ रह गया। एम्फी के सीईओ वेंकट चालसानी ने इसकी वजह निवेश के बाजार भाव में गिरावट बताई, निकासी नहीं।

**• सबसे ज्यादा निवेशक किस श्रेणी के फंड में हैं?**

स्मॉलकैप फंड में 3.07 करोड़ निवेशक खाते हैं, जो इक्विटी की किसी भी श्रेणी से ज्यादा हैं। स्मॉलकैप फंड का एयूएम 4.41 लाख करोड़ रुपए है।

**• लार्ज एंड मिडकैप फंड अभी सबसे पसंदीदा क्यों हैं?**

ये फंड बड़ी (लार्जकैप) और मझौली (मिडकैप), कंपनियों में पैसा लगाते हैं। बड़ी कंपनियों से स्थिरता और मझौली से ग्रोथ की उम्मीद रहती है। जोखिम कम चाहने वाले निवेशक इन्हें पसंद करते हैं।



**जय पुरी: वरिष्ठ सलाहकार**

भारतीय मूल के जय पुरी 2009 से 24 अगस्त 2026 तक ग्लोबल सेल्स हेड रहे हैं। रिटायरमेंट के बाद वे वरिष्ठ सलाहकार हैं।



**कोलेट क्रेस: सीएफओ**

सितंबर 2013 से फाइनेंस संभाल रहीं कोलेट निवेशकों की पसंद हैं। सीएफओ डाइव के शॉन कोल के अनुसार वह सीईओ बन सकती हैं।



**इयान बक: वीपी, हाइपरस्केल कंप्यूटिंग**

2004 से जुड़े इयान ने कुडा प्लेटफॉर्म बनाया है। वह अभी माइक्रोसॉफ्ट और गूगल जैसे बड़े क्लाउड ग्राहकों से जुड़ा बिजनेस संभालते हैं।



**क्रिस मलाचोव्स्की: को-फाउंडर**

1993 में हुआंग के साथ कंपनी बनाने वाले क्रिस अब एनवीडिया फेलो हैं। वे इंजीनियरिंग और ऑपरेशंस के प्रमुख रह चुके हैं।



**बिल डैली: चीफ साइंटिस्ट**

स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी से 2009 में आए डैली एसवीपी रिसर्च हैं। वह एआई और कंप्यूटर आर्किटेक्चर रिसर्च की देखरेख करते हैं।

**अन्य तीन प्रमुख दावेदार** | अगस्त 2026 में आए वर्ल्डवाइड फील्ड ऑपरेशंस के ईवीपी निक पार्कर, 2007 से मैन्युफैक्चरिंग व लॉजिस्टिक्स संभाल रहीं डेबोरा शोक्विस्ट और कुडीएनएन लाइब्रेरी विकसित करने वाले एप्लाइड डीप लर्निंग रिसर्च के वीपी ब्रायन कैटानजारो भी रेस में शामिल हैं।

# तेल 40% महंगा होने के बीच सरकारी ऑयल कंपनियों का मुनाफा 66 फीसदी बढ़ा

कृष्ण कांत और शुभांगी माथुर | मुंबई/नई दिल्ली

पश्चिम एशिया संकट से कच्चा तेल 40% महंगा हुआ, फिर भी सरकारी तेल कंपनियों ने जुलाई-सितंबर तिमाही में बंपर कमाई की। इंडियन ऑयल, बीपीसीएल और एचपीसीएल का साझा मुनाफा 66% बढ़कर ₹29,896 करोड़ रहा। यह 13 तिमाहियों (3 साल 3 महीने) में सबसे बड़ा मुनाफा है। दिलचस्प है कि अप्रैल-जून तिमाही में इन्हीं कंपनियों को ₹17,653 करोड़ का घाटा हुआ था। घाटे से मुनाफे में आने की मुख्य वजह रिफाइनिंग मार्जिन में उछाल रही। इससे हुई कमाई ने पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की रिटेल बिक्री से हुए नुकसान की भरपाई कर दी। जुलाई-सितंबर तिमाही में अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत सालभर पहले के मुकाबले 40% बढ़ी। लेकिन इसी दौरान विदेशी बाजार में पेट्रोल, डीजल जैसे ईंधन के दाम 50-78% बढ़ गए।

भास्कर CLASSIFIED
सर्विसेस
SERVICES
फाइनेंस
महिंद्रा फाइनेंस मुद्रा, पर्सनल, कृषि, बिजनेस, प्रॉपर्टी, डेयरीफार्म, सभी लोन, घर बैठे पाए, सिविल ख़राब भी कॉल करे 8708543249, 9518051691
Notice : Ads have not been verified factually and Bhaskar does not stand responsible for the sales propositions.

# एंथ्रोपिक के सात संस्थापकों में से हरेक को मिलेंगे 2,343 करोड़, कृष्ण राव भी मालामाल

**न्यूयॉर्क** | एआई कंपनी एंथ्रोपिक के आईपीओ में सीईओ डारियो अमोदेई समेत सातों सह-संस्थापक करीब 25-25 करोड़ डॉलर (करीब 2,343-2,343 करोड़ रुपए) के शेयर बेचेंगे। इसके बाद भी हर किसी के पास करीब 17.8 अरब डॉलर (करीब 1.68 लाख करोड़ रुपए) की 3.2 हिस्सेदारी बनी रहेगी। कंपनी इस महीने के अंत में 1.4 लाख करोड़ डॉलर (131 लाख करोड़ रुपए) के मूल्यांकन पर 9,040 करोड़ डॉलर (करीब 8.47 लाख करोड़ रुपए) जुटाने की तैयारी में है।

कंपनी के रिकॉर्ड के मुताबिक, आईपीओ से पहले सातों संस्थापकों में से हर एक के पास करीब 3.6% से 3.7% शेयर हैं। आईपीओ आने के बाद इन सभी की कुल हिस्सेदारी घटकर लगभग 22% रह जाएगी। हालांकि कंपनी के नियमों के कारण सीधे तौर पर उनके पास कुल वोटिंग अधिकारों का सिर्फ 11% हिस्सा ही रहेगा, लेकिन वे एक खास कंपनी के जरिए 50% से ज्यादा वोटों पर अपना नियंत्रण बनाए रखेंगे।

## चिप कंपनी क्वालकॉम ने भारत में छंटनी शुरू की

**बेंगलुरु** | अमेरिकी चिप कंपनी क्वालकॉम ने भारत में छंटनी शुरू कर दी है। बेंगलुरु से शुरुआत हुई है। देशभर में करीब 1000 कर्मचारी प्रभावित हो सकते हैं। सीनियर इंजीनियर भी प्रभावित हुए हैं। कंपनी तीन महीने का वेतन और अनुभव के आधार पर अतिरिक्त मुआवजा दे रही है। स्मार्टफोन बाजार में गिरावट इसकी वजह बताई जा रही है।

## टेस्ला धोखाधड़ी की दोषी, इसके सोलर रूफ बेकार

**कैलिफोर्निया** | स्थानीय कोर्ट ने टेस्ला को धोखाधड़ी का दोषी ठहराया है। एक ग्राहक ने 1.10 लाख डॉलर (करीब 1 करोड़ रुपए) का सोलर रूफ लगवाया था, जो कभी काम नहीं आया। छत अधूरी रही, निरीक्षण में फेल हुई और बिजली नहीं बनी। घर मालिक को भारी नुकसान का दावा है। टेस्ला ने दस्तावेज न देने पर सजा पाई।

फ्रंट पेज के शेष

## ग्रीन अमोनिया बनेगी यूरिया का विकल्प, 7 जिलों में 2100 एकड़ में पायलट प्रोजेक्ट...

ग्रीन अमोनिया को गेहूं या सरसों की बिजाई से करीब 3 दिन पहले खेत में विशेष मशीन और इंजेक्टर की मदद से मिट्टी में निर्धारित 18 से 20 सेंटीमीटर की गहराई पर डाला जाता है। इसके बाद वो मिट्टी में घुलकर धीरे-धीरे जरूरत के हिसाब से नाइट्रोजन को रिलीज करती रहेगी। ग्रीन अमोनिया के बाद फसल में यूरिया देने की जरूरत नहीं होगी। इससे किसान का लेबर खर्च कम होगा। ग्रीन अमोनिया (NH) है। जो यूरिया पर निर्भरता के बजाय प्राकृतिक तरीके से तैयार होती है। इसका उत्पादन पूरी तरह से नवीकरणीय ऊर्जा (जैसे सौर, पवन या जलविद्युत) का उपयोग करके किया जाता है। इसमें कार्बन उत्सर्जन लगभग शून्य होता है। सोलर प्लांट से हाइड्रोजन व वातावरण से नाइट्रोजन लेते हैं। ग्रीन अमोनिया इंजेक्शन के लिए विशेष उपकरण और सिलेंडर का इस्तेमाल किया जाता है।

## इस बार नवी मुंबई देश में सबसे साफ शहर, हरियाणा में करनाल अव्वल...

फिर भी स्वच्छता के मामले में मध्यप्रदेश का परचम लहराया है। स्वच्छ शहर पुरस्कारों के लिए कुल 63 शहर चुने गए, जिनमें से 9 शहर मप्र के हैं। पहली बार दिए गए स्वच्छ शहर जोड़ी पुरस्कार के लिए भी इंदौर (मेंटर सिटी) और देपालपुर (मेंटी सिटी जोड़ी) को द्वितीय पुरस्कार मिला। बता दें कि इस बार के सर्वेक्षण में 2.70 करोड़ नागरिकों के फीडबैक लिए गए। सर्वे में 4,751 शहर शामिल थे।

### स्वच्छता सर्वेक्षण पुरस्कार...

**स्वच्छ रिवर फ्रंट टाउन**
1. रीवा (मप्र), 2. विलासपुर (छत्तीसगढ़), 3. वाराणसी (उत्तर प्रदेश)।

**स्वच्छ तटीय शहर**
1. पुरी (ओडिशा), 2. अलपुझा (केरल), 3. रत्नागिरी (महाराष्ट्र)।

**स्वच्छ हिमालयी शहर**
1. रुद्रपुर (उत्तराखंड), 2. जम्मू (जम्मू-कश्मीर), 3. शोपियां (जम्मू-कश्मीर)।

**राज्य का प्रथम स्वच्छ शहर**
1. राजामुंद्री (आंध्र प्रदेश)
2. जयरामपुर (अरुणाचल प्रदेश)
3. गोवाहटी (असम)
4. पटना (बिहार)
5. रायपुर (छत्तीसगढ़)
6. सेंक्यूलिम (गोवा)
7. बडोदरा (गुजरात)
8. करनाल (हरियाणा)
9. थियोग (हिमाचल प्रदेश)
10. जमशेदपुर (झारखंड)
11. मैसूर (कर्नाटक)
12. मट्टनपुर (केरल)
13. ग्वालियर (मध्य प्रदेश)
14. पिंपरी चिंचवाड (महाराष्ट्र)
15. जिरिबाम (मणिपुर)
16. विलियम नगर (मेघालय)
17. आईजोल (मिजोरम)
18. नोंगलेंग (नागालैंड)
19. भुवनेश्वर (ओडिशा)
20. आनंदपुर साहिब (पंजाब)
21. जयपुर (राजस्थान)
22. मंगन (सिक्किम)
23. थेनी अलीनगरम (तमिलनाडु)
24. ग्रेटर हैदराबाद (तेलंगाना)
25. खोवाई (त्रिपुरा)
26. गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश)
27. काशीपुर (उत्तराखंड)
28. तारकेश्वर (पश्चिम बंगाल)
29. श्री विजयपुरम (अंडमान-नीकोबार)
30. बडगांव (जम्मू-कश्मीर)

## बैंक में खाता न होने पर भी 50 हजार रुपए तक भेज सकेंगे...

इसके लिए भेजने वाले के बैंक खाते से रकम ट्रांसफर होगी। एक बार में अधिकतम 10 हजार रुपए और महीने में कुल 25 हजार रुपए पाए जा सकेंगे।

**पैसे भेजने के लिए पहचान जरूरी:** नकद रकम भेजने वाले को अपना सत्यापित मोबाइल नंबर और पहचान संबंधी दस्तावेज देना होगा। हर लेनदेन में अतिरिक्त सत्यापन भी जरूरी होगा। बैंकों को संदिग्ध लेनदेन पर नजर रखने और असामान्य गतिविधि मिलने पर जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। बैंक इस सेवा के लिए उचित शुल्क ले सकेंगे।

**मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, भोपाल-462003**
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन राष्ट्रीय महत्व का संस्थान)
MAULANA AZAD NATIONAL INSTITUTE OF TECHNOLOGY, BHOPAL-462003
(An Institution of National importance under Ministry of Education, Govt. of India)

विज्ञापन संख्या– Rectt/NT/2026/07 दिनांक 06.11.2026

**विभिन्न समूह 'ब' एवं 'स' के गैर-शिक्षण पदों पर भर्ती**

मौलाना आज़ाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) भोपाल शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन राष्ट्रीय महत्व का संस्थान है। संस्थान सीधी भर्ती के आधार पर निम्नलिखित गैर–शैक्षण पदों को भरने हेतु पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता हैं। विस्तृत विज्ञापन, रिक्तियों का विवरण, पात्रता मानदंड एवं अन्य निर्देशों के लिए अभ्यर्थी संस्थान की वेबसाइट https://www.manit.ac.in पर देख सकते हैं।

| क्र. स. | पद का नाम | समूह | वेतन का स्तर (7वां सीपीसी) | अनुसूचित जाति (SC) | अनुसूचित जनजाति (ST) | अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर–क्रीमी लेयर) [(OBC (NCL)] | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) | अनारक्षित (UR) | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अधीक्षक | समूह ब | स्तर 6 | 01 | 00 | 01 | 00 | 02 | 04 |
| 2. | वरिष्ठ सहायक | समूह स | स्तर 4 | 01 | 00 | 01 | 00 | 03 | 05 |
| 3. | कनिष्ठ सहायक | समूह स | स्तर 3 | 00 | 00 | 01 | 00 | 05 | 06 |
| 4. | तकनीकी सहायक | समूह ब | स्तर 6 | 00 | 01* | 01* | 01 | 01 | 04 |
| 5. | SAS सहायक | समूह ब | स्तर 6 | 00 | 00 | 00 | 00 | 02 | 02 |
| 6. | पुस्तकालय एवं सूचना सहायक | समूह ब | स्तर 6 | 00 | 00 | 01 | 00 | 04 | 05 |
| 7. | वरिष्ठ तकनीशियन | समूह स | स्तर 4 | 02 | 01 | 04 | 01 | 08 | 16 |
| 8. | तकनीशियन | समूह स | स्तर 3 | 01 | 01 | 03 (1+2*) | 01 | 07 | 13 |
| | कुल | | | 05 | 03 | 12 | 03 | 32 | 55 |

* बैकलॉग रिक्तियां

नोट: – रिक्तियों का वितरण बेंचमार्क दिव्यांगजन (PwBD) एवं भूतपूर्व सैनिक अभ्यर्थियों के लिए भारत सरकार के मानदंडों के अनुसार आरक्षण को सम्मिलित करता है, जिसका विवरण विस्तृत विज्ञापन में दिया गया है।
ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 10.12.2026. किसी अन्य माध्यम से भेजे गए आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

कुलसचिव

**पंजाब नैशनल बैंक** punjab national bank
....धरोसे का प्रतीक ! ... the name you can BANK upon!
एसेट रिकवरी मैनेजमेंट ब्रांच, सेक्टर 13-17, पानीपत-132103
ईमेल- cs8293@pnb.bank.in

**अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी की सार्वजनिक सूचना**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन नियम, 2002) के नियम 9(1) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी सूचना।
इसके द्वारा आम जनता को तथा विशेष रूप से उधारकर्ता (यों) एवं गारंटर (यों) को यह सूचना दी जाती है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जो कि सुरक्षित लेनदार के पास बंधक /भारित है, जिसका सांकेतिक कब्जा बैंक/ सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, उसे नीचे दी गई तालिका में बताई गई तिथि को **"जैसा है जहां है", जैसी है जो है तथा "जो कुछ भी है"** के आधार पर बेचा जाएगा। यह बिक्री संबंधित ऋणी(यों) एवं गारंटर (रों) से बैंक/सुरक्षित लेनदार का बकाया पैसी की वसूली के लिए की जाएगी। आरक्षित मूल्य तथा बयाना राशि संबंधित संपत्तियों के सामने नीचे दी गई तालिका के अनुसार उल्लिखित होगी।

**सुरक्षित संपत्तियों की बिक्री की अनुसूची**

| क्र. सं. | शाखा का नाम / खाते का नाम / उधारकर्ता/गारंटर का नाम और पता | गिरवी रखी गई अचल संपत्तियों का विवरण और मालिक/गिरवी रखने वाले का नाम | ए) सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत मांग सूचना की तिथि बी) इस तारीख तक बकाया राशि सी) सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(4) के तहत कब्जे की तिथि डी) कब्जे की प्रकृति सांकेतिक/भौतिक/रचनात्मक | ए) आरक्षित मूल्य बी) जमा बयाना राशि (ईएमडी) सी) बोली वृद्धि राशि | ई-नीलामी की तारीख और समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | शाखा कार्यालय : एआरएमबी, पानीपत<br>1. मैसर्स डीएचके एंटरप्राइजेज, जीएफ, एलजी शोरूम के सामने, सिविल रोड, समता चौक के पास, गोहाना जिला-सोनीपत-131301<br>2. श्री हितेंद्र पुत्र श्री बलजीत सिंह (मालिक) वार्ड नंबर 6, आदर्श नगर, गोहाना-131301 | **अचल संपत्ति का विवरण:** माप 121.36 वर्ग गज (0 कनाल-4 मरला) की संपत्ति का इक्विटेबल मॉर्गेज, जिसकी माप पूर्व से पश्चिम 17' और उत्तर से दक्षिण 64' 3" है। इसकी सीमाएं इस प्रकार हैं: पूर्व में करतार सिंह का घर, पश्चिम में नीरज का घर, उत्तर में गली और दक्षिण में अन्य का प्लॉट। यह संपत्ति आदर्श नगर, गोहाना क्षेत्र में स्थित है। जिसमें शामिल है रैक्ट व किला नंबर 175//18 (8-0) यह 08 कनाल-00 मरला भूमि माप का 1/40वां हिस्सा है। खेवट नंबर 5286, खाता नंबर 5726, जमाबंदी वर्ष 2015-16 के अनुसार। इसका इंतकाल नंबर 13314 श्रीमती रीतू पत्नी श्री धीरज पुत्र श्री बलजीत के नाम पर है, जो ट्रांसफर डीड नंबर 251 दिनांक 19.04.2022 के तहत सब-रजिस्ट्रार गोहाना के कार्यालय में पंजीकृत है।<br>3. श्रीमती रीतू पत्नी श्री धीरज (गारंटर) 126/6, आदर्श नगर, गोहाना, सोनीपत (हरियाणा)-131301 | ए) 14/11/2025<br>बी) 31.10.2026 तक रु. 28,37,956.54/- (रु. अठ्ठाइस लाख सैंतीस हजार नौ सौ छप्पन और चौवन पैसे मात्र) + आगे का ब्याज और शुल्क/खर्च<br>सी) 16/2/2026 डी) सांकेतिक कब्जा | रु. 39,06,495/-<br>रु. 3,90,649.50/-<br>रु. 25,000/- | 03/12/2026 (दोपहर 12:00 बजे से शाम 04:00 बजे तक) |

**नियम और शर्तें : यह बिक्री सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में बताए गए नियमों और शर्तों और नीचे दी गई अन्य शर्तों के अधीन होगी:**
1) भार : डीआरटी-II चंडीगढ़ के पास एसए नंबर 201/2026 लंबित है।
2) संपत्ति **"जैसी है जहाँ है" और "जैसी है जो है" और "जो कुछ भी है"** के आधार पर बेची जा रही हैं।
3) सुरक्षित संपत्ति को (आरक्षित मूल्य + बोली की राशि में एक बार की बढ़ोतरी) से कम कीमत पर नहीं बेचा जाएगा। न्यूनतम (पहली) बोली, आरक्षित मूल्य + बोली की राशि में एक बार की बढ़ोतरी होगी।
4) ऊपर दी गई अनुसूची में सुरक्षित संपत्तियों का विवरण अधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार दिया गया है, लेकिन इस घोषणा में किसी भी गलती, गलत बयान या चूक के लिए अधिकृत अधिकारी जिम्मेदार नहीं होंगे।
5) बिक्री अधोहस्ताक्षरी द्वारा https://baanknet.com वेबसाइट पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से, ऊपर बताई गई नीलामी की तारीख और समय पर की जाएगी।
6) बिक्री की विस्तृत शर्तों के लिए, कृपया https://baanknet.com/ और www.pnbindia.in देखें।
7) अधिकृत अधिकारी के पास किसी भी बोली को स्वीकार करने या सभी बोलियों को अस्वीकार करने (यदि वे स्वीकार्य न हों), या किसी भी समय बिना कोई कारण बताए नीलामी की शर्तों को स्थगित/रद्द/टालने/बंद करने या बदलने का अधिकार सुरक्षित है और इस संबंध में उनका निर्णय अंतिम होगा।

**सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 9(1) के अंतर्गत वैधानिक बिक्री सूचना**

**उधार लेने वाले/गारंटर को सूचित किया जाता है कि वे ई-नीलामी की तारीख से पहले ऊपर बताई गई रकम, साथ ही अब तक का ब्याज और अन्य खर्चों का भुगतान करें। ऐसा न करने पर प्रॉपर्टी की नीलामी/बिक्री कर दी जाएगी और अगर कोई बकाया रकम बचती है, तो उसे ब्याज और खर्चों सहित वसूल किया जाएगा।**

दिनांक : 11.11.2026 स्थान : पानीपत प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नैशनल बैंक

**तिरुमला तिरुपति देवस्थानम्स, तिरुपति विपणन विभाग**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

तिरुमला तिरुपति देवस्थानम्स के विपणन विभाग द्वारा टेंडरों के माध्यम से गाय के घी की आपूर्ति के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। इसके अंतर्गत निम्नलिखित माल में घी की आपूर्ति की जानी है–1) 20,00,000 किलोग्राम गाय का घी-तिरुमला से 800 किलोमीटर की परिधि में स्थित डेयरियों से। 2) 5,00,000 किलोग्राम गाय का घी- आंध्र प्रदेश (एपी) में स्थित डेयरियों से। 3) 10,00,000 किलोग्राम गाय का घी- देशभर की डेयरियों से। निविदा सूचना एवं विस्तृत जानकारी के लिए इच्छुक निविदादाता विभाग की वेबसाइट http://www.tirumala.org तथा ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://tender.apeprocurement.gov.in पर लॉग-इन कर सकते हैं।
अधिक जानकारी के लिए इन दूरभाष नंबरों पर संपर्क करें– फोन: 0877-2264079, 2264555 फैक्स: 0877-2264554
TTD-40021(31)/1/2026-PRO SEC (Adv. No. 236) Date : 11/11/2026 कार्यकारी अधिकारी

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रमजान अली मीर, पुत्र तककाब्बर अली निवासी बबैल रोड, शिव नगर, दुर्गा कॉलोनी, चर्च के पास, पानीपत, हरियाणा** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 116/2019 भा.द.सं. की धारा 363/366/368/376/109/34 के तहत एण्ड 6/17/19 पॉक्सो एक्ट, थाना मंडावली, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **रमजान अली मीर** मिल नहीं रहा है और समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **रमजान अली मीर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 116/2019 भा.द.सं. की धारा 363/366/368/376/109/34 के तहत एण्ड 6/17/19 पॉक्सो एक्ट, थाना मंडावली, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **रमजान अली मीर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **11.12.2026** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री सुजीत सौरभ
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश/एससी पॉक्सो एक्ट, पूर्वी जिला
DP/16070/ED/2026 कमरा नं.76, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

**कार्यालय नगरपालिका परिषद सारंगढ़, जिला- सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)**

क्रमांक / 2390/न.पा.प./ स्टो.नि.वि./2026-27 सारंगढ़, दिनांक 10/11/2026

**E-Procurement Tender Notice (1st Call)**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| SNo. | Stage | Start Date | Start Time |
|---|---|---|---|
| 1 | Bid Start Date | 11-11-2026 | 12:00 PM |
| 2 | Bid Due Date | 02-12-2026 | 17:30 PM |
| 3 | Physical Submission | 04-12-2026 | 15:00 PM |
| 4 | Bid Open Date (Scheduled) | 05-12-2026 | 11:30 AM To |

| क्र. | सिस्टम टेण्डर नम्बर | कार्य का विवरण | लागत राशि | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क | कार्य की समय सीमा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 203765 | गौरव पथ का पोल मिटिंग कार्य | 114.71 | 87000.00 | 3000.00 | 12 माह |

उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in पर तथा विभागीय वेबसाइट https://www.uad.cg.gov.in पर डाउनलोड की जा सकती है। किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना विभाग की वेबसाईट में प्रसारित की जायेगी। एवं कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में आकर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद सारंगढ़
जिला- सारंगढ़-बिलाईगढ़ (छ.ग.)

**पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड**
कार्यालय: निरीक्षण अभियंता/वितरण क्षेत्र, पटियाला-147001 (पंजाब)
टेलीफोन नं.: 96461-01201, 96461-10963
ईमेल: circlepatiala@gmail.com
रजि. कार्यालय: पं.रा.प्र.का.लिमि., हैड ऑफिस, पटियाला (पंजाब)

निविदा पूछताछ सं. 44/SE/DS सर्कल, पटियाला/2026-27 दिनांक: 10.11.2026

निरीक्षण अभियंता/वितरण क्षेत्र, पटियाला द्वारा वितरण क्षेत्र पटियाला अधीन आते वितरण मंडल समाणा अधीन वर्ष 2027-28 हेतु बाहरी वसीलियों द्वारा श्रम कार्य जैसे नई 11 केवी एल.टी./एच.टी. लाइनों की रेल/पी.सी.सी पोलों के निर्माण, डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफार्मर स्थापित करना, एच.टी./एल.टी. लाइनों की अगूमेंटेशन/सैगिंग करना, तारें बिछाना, ट्यूबवेल कनेक्शन जारी करना, औद्योगिक/जीएसी के कनेक्शन जारी करना, ओवर लोड ट्रांसफार्मर को डी-लोड करना, उपभोक्ताओं के अहातों से मीटर को बाहर निकालना, डिस्ट्रीब्यूशन/ट्रांसफार्मरों/ लाइनों की अरथिंग करना तथा अन्य विकास कार्य कराने हेतु लेबर आउट द्वारा कार्य करवाने हेतु निविदा आमंत्रित की जा रही है। इस सम्बंध में विस्तृत विवरण पंजाब सरकार की वेबसाइट https://eproc.punjab.gov.in से दिनांक 10.11.2026 (सायं 06:00 